प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित
बिहार/यूपी/झारखंड
18.08.2022 प्रभात खबर

मनोचिकित्सक और स्पेशल मां मीनू बुधिया सम्मानित

कोलकाता. पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित ब्रांड सम्मेलन "ब्रांडएज 2022" में ब्रांडिंग के भविष्य, रचनात्मक कम्यूनिकेशन तथा अन्य विषयों पर चर्चा हुई. समापन सत्र में केयरिंग माइंड्स, आइकैनफ्लाई और कैफे आईकैनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक साइकोथेरपिस्ट मीनू बुधिया को "आर्किटेक्ट ऑफ चेंज" के तौर पर सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार उनके बेहतर भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया. इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर कोलकाता में अमेरिकी कौंसुल जनरल मेलिंडा पावेक और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के निदेशक डॉ धृति बनर्जी उपस्थित थे. अवार्ड ग्रहण करते हुए मीनू बुधिया ने कहा, "परिवर्तन की वास्तुकार के तौर पर पुरस्कृत किये जाने पर मैं सम्मानित और विनम्र महसूस कर रही हूं. मेरा सबसे बड़ा धन्यवाद मेरी छोटी बेटी प्राची के लिए है, जो विशेष आवश्यकता वाली बच्ची है. उसने ही मुझे प्रेरित किया कि मैं न केवल परिवर्तन लाऊं, बल्कि परिवर्तित भी हो जाऊं. उज्ज्वल भविष्य की राह में सबसे बड़ी चुनौती है सामाजिक रुकावट. लोग सोचते हैं कि दूसरे लोग क्या कहेंगे. अगर हम इस रुकावट को तोड़ सकें तो बड़ा कार्य हो सकेगा."